नप भेड़ाघाट में मनाया जा रहा है हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान

जबलपुर नवारत। शासन से प्राप्त निर्देशानुसार नगर परिषद भेड़ाघाट में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान चलाया जा रहा है। विगत दिवस नगर परिषद कार्यालय एवं विभिन्न स्थानों में कारगिल विजय दिवस और हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन किया गया था। जहां कारगिल युद्ध के नायकों को श्रद्धांजली अर्पित की और राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर झंडे के साथ सेल्फी लेने और पोस्टर के साथ अन्य गतिविधियां भी आयोजित की गई थी। नगर परिषद भेड़ाघाट द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा रैली का आयोजन भी किया गया। आज नगर परिषद भेड़ाघाट के जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कर्मचारी द्वारा तिरंगा यात्रा नगर परिषद से निकाली गई। इसके साथ ही हर घर तिरंगा अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए आम नागरिकों से अपील कि वे अभियान को प्रभावी बनाने के लिए गतिविधियां मैं बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। नगर परिषद भेड़ाघाट के अध्यक्ष चतुर सिंह लोधी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी विक्रम सिंह झारिया ने सभी स्कूलों में हर घर तिरंगा अभियान को प्रभावी बनाने को कहा। जिसमें रंगोली, चित्रकला व अन्य प्रतियोगिताओं के साथ इस अभियान में स्वच्छता को जोड़ने की गतिविधियां की जायेगी।

यह अभियान 3 चरणों में मनाया जाएगा। जो 8 से 15 अगस्त 2025 तक चलेगा, जिसका उद्देश्य देशभक्ति और स्वच्छता को बढ़ावा देना है। साथ ही हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग की थीम अनुसार सुनिश्चित किया जायेगा। आज के कार्यक्रम में नगर परिषद भेड़ाघाट के अध्यक्ष चतुर सिंह लोधी उपाध्यक्ष जगदीश दहिया पूर्व उपाध्यक्ष किशोर दुबे पार्षद रमेश यादव और अन्य पार्षद गण उपस्थित रहे निकाय की ओर से राजस्व अधिकारी अनुज सिंह स्वच्छता नोडल सुनील बैरागी उद्यान प्रभारी लक्ष्मी नारायण दुबे निशांत त्रिपाठी विजय कोरी मोहम्मद नासिर एवं समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे ।

कजलियां मिलन समारोह आयोजित

▶ वैश्य समाज महिला संगठन के तत्वावधान में कार्यक्रम

पनागर नवभारत । लोक आस्था एवं सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक कजलिया मिलन समारोह वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई पनागर द्वारा जिले की महामंत्री मनीष मोदी के निवास स्थान पर मनाया गया महिलाओं ने एक दूसरे को कजलिया दी विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई इस अवसर पर श्रीमती ज्योति नायक श्रीमती मनीषा मोदी श्रीमती रजनी सोनी नीलू केसरवानी ज्योति साहू खुशबू केसरवानी शीतल पटेल बहन रश्मि गुडिया तिवारी अनीता लग्जरी प्रिया केसरवानी प्रिय मोदी निशु मोदी सुशिमा मोदी के साथ साथ वैश्य समाज संगठन की अनेक महिलाएं उपस्थित थी ।

वृक्षों को बांधी गई राखी

पनागर नवभारत । विगत 8 वर्षों से चली आ रही परंपरा का निर्वाहन करते हुए ग्रीन पनागर अभियान को आगे बढ़ाते हुए बस स्टेंड पनागर एवं छोटी खेरमाई में लगाये गये वृक्षों को राखी बाँधकर विधिवत पूजन कर वृक्षों की रक्षा करने का संकल्प लिया गया जिसमें मां शारदा परिवार के सदस्यों में शैलेंद्र साहू,मंडल अध्यक्ष,पूनम कुशवाहा,जवाहर केवट,अतुल सैनी, के. के कुशवाहा (एडवोकेट),ब्रजेश ठाकुर, मोनू कटनी,सुरजीत,नितिन गौतम, शैलू पटेल,लकी तिवारी,राजेन्द्र कुशवाहा, ज्ञानी पटेल,धर्मेंद्र पटेल, रंजीत, मयूर कुशवाहा,रामू पटेल,पप्पू,दल्लू, बेड़ी श्रीवास,संदीप पटेल, संजय, आस्था कुशवाहा द्वारा वृक्षों की साईज की राखी बनायी गई ।

उत्तरपुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन कर दोबारा जारी हो परिणाम

▶ रादुविवि में एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन,सौंपा ज्ञापन

जबलपुर। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने एमबीए की विभिन्न परीक्षा परिणामों में अधिकतर छात्रों को एटीकेटी दे दिए जाने व फेल भी कर दिए जाने तथा एलएलबी छठवें सेमेस्टर की परीक्षाओं में की गई गड़बड़ी की उचित जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान जब कुलसचिव ज्ञापन लेने नहीं आए तो कार्यकर्ता जबरदस्ती उनके चेंबर में जाने लगे जिस पर पुलिस और कार्यकर्ताओं में हल्की झड़क भी हुई। छात्रनेता अनुराग शुक्ला व शफी खान ने आरोप लगाया कि एमबीए की विभिन्न परीक्षा परिणामों में अधिकतर छात्रों को एटीकेटी दे दी गई है और फेल भी कर दिया गया है, जो कि छात्रों के भविष्य के लिए चिंताजनक है विश्वविद्यालय प्रशासन की लापरवाही के चलते विश्वविद्यालय की साख खराब हो रही है। इसके अलावा एलएलबी छठवें सेमेस्टर की परीक्षा में छात्रों को प्रारूपण अभिवचन और हस्तांतरण के पुराने प्रश्न पत्र देने का भी विरोध किया। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कुलसचिव को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि एमबीए की विभिन्न परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन किया जाए और दोबारा परीक्षा परिणाम जारी किए जाएं। इसके अलावा, एलएलबी छठवें सेमेस्टर के हितकारिणी महिला महाविद्यालय में परीक्षा देने वाले छात्रों की छात्रों की उत्तर पुस्तिकाओं की पृथक से जांच की जाए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। इस दौरान मुख्य रूप से प्रदेश सचिव प्रतीक गौतम, अंकित शुक्ला,एजाज अंसारी, सक्षम यादव,सैफ मंसूरी, वकार खान,सोनू मेश्राम,सनी सिंह,अंकित कोरी,असदाक अनवर, फरान अंसारी,आशीष वर्मा, राजीव,युग ठाकुर, ऐश्वर्य नायर,आर्येन चौधरी सहित बड़ी संख्या में छात्र मौजूद थे।

भाजपा नेता समेत अन्य पर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की राशि हड़पने का आरोप

जबलपुर। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की राशी को धोखाधड़ी कर हड़पने का आरोप भाजपा नेता समेत अन्य पर लगाते हुए महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायत की हैं। परवीन खान पति नसीम खान निवासी अम्बेडकर कॉलोनी ने बताया कि भाजपा नेता अकील अंसारी, गुलाम नवी व गुलाम नवी ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत मिलने वाली सहयता राशी को दिलाने के नाम पर महिलाओ की आई.डी. का दुरुपियोग करते हुए कई अवैध कार्यो को अंजाम दिया है अकील अंसारी के साथी गुलाम नवी व उसकी 2 बहने भी इसका फायदा उठा रही है। इन्ही के द्वारा महिलाओं को बेहला फुसला कर फंसाया जाता है।

स्मार्ट मीटर परियोजना में विदेशी कंपनी की भागीदारी

▶ कांग्रेस कमेटी ने किया विरोध सौंपा ज्ञापन

जबलपुर नवभारत। मध्य प्रदेश की स्मार्ट मीटर परियोजना में विदेशी कंपनी अल्फानार की भागीदारी को लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम एक विस्तृत ज्ञापन अधीक्षण अभियंता सिटी सर्किल, जबलपुर को सौंपते हुए आरोप लगाया कि यह सिर्फ बिजली का मामला नहीं, बल्कि सीधे-सीधे राज्य और राष्ट्र की सुरक्षा का प्रश्न है। सौरभ नाटी शर्मा ने कहा कि भारतीय स्मार्ट ग्रिड फोरम पहले ही आगाह कर चुका है कि सऊदी अरब की अल्फानार कंपनी, जिसमें पाकिस्तानी मूल के अधिकारियों की हिस्सेदारी है और जिसे तुर्की से आर्थिक सहयोग मिलता है, मध्य प्रदेश और पंजाब में स्मार्ट मीटर और मीटर डेटा प्रबंधन जैसी अत्यंत संवेदनशील परियोजनाओं पर काम कर रही है। तुर्की का पाकिस्तान को खुला समर्थन इस मामले को और संदिग्ध बनाता है। सवाल उठता है—क्या राज्य सरकार ने इस कंपनी को ठेका देने से पहले राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों की रिपोर्ट ली थी। स्मार्ट मीटर में सिर्फ बिजली का हिसाब नहीं होता, बल्कि उपभोक्ताओं का निजी डेटा, ग्रिड संचालन की गोपनीय जानकारी और जीपीएस आधारित लोकेशन डेटा भी दर्ज होता है। अगर यह जानकारी गलत हाथों में चली गई, तो किसी भी नागरिक, संस्था या संवेदनशील प्रतिष्ठान का सटीक लोकेशन और बिजली सप्लाई पर नियंत्रण विदेशी ताकतों के हाथों में जा सकता है। कांग्रेस कमेटी ने मांग की है। अल्फानार कंपनी का स्मार्ट मीटर परियोजना से ठेका तुरंत रद्द किया जाए, पूरे मामले की उच्च स्तरीय सुरक्षा जाँच कराई जाए। इस मौके पर दिनेश यादव, अयोध्या प्रसाद तिवारी, अतुल बाजपेई, संतोष पंडा,मदन लारिया, गुड्डू तामसेतवार,गुड्डू नवी,जगतमणि चतुर्वेदी, डिक्की जॉन, चमन पासी, सतेन्द्र चौबे, आरिफ बेग, रामदास यादव, रविन्द्र कुशवाहा, अनुज श्रीवास्तव, राजकमल सोनी, विष्णु विनोदिया, रितेश बंटी गुप्ता, जगतमणि चतुर्वेदी, हुकुमचंद जैन, रवि रैकवार, कैलाश ठाकुर आदि भारी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद थे।

ब्राह्मण सभा पनागर द्वारा परशुराम मंदिर में मनाया गया कजलियां पर्व

पनागर। ब्राह्मण सभा पनागर का कजलियां मिलन भगवान परशुरामजी के मंदिर में मनाया गया सभी ने भगवान परशुराम जी महाराज की पूजा की गई फिर भगवान को कजलियां देकर आशीर्वाद लिया फिर उसके बाद सभी विप्र ने एक दूसरे से मेल मिलाप किया गया जिसमें सुरेश मिश्रा,सर्वेश मिश्रा,आशुतोष तिवारी,विकास पांडे (राजुल स्टेट),अन्नू दुबे,राजकुमार मिश्रा,प्रवीण मिश्रा,धर्मेश उपाध्याय गुरु,मुकेश पांडे, रितुराज तिवारी,महेंद्र चौबे,सहित अनेक विप्र जन उपस्थित रहे ।

दो शातिर चोर पकड़ाए, तीन लाख की छह बाइकें जब्त

जबलपुर। गोसलपुर पुलिस ने दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से चुरायी हुई 6 मोटर सायकिलें कीमती 3 लाख रूपये की जप्त की गई है। गोसलपुर थाना प्रभारी राजेन्द्र सिंह मर्सकोले ने बताया कि अमित कुमार काछी 35 वर्ष निवासी हृदय नगर ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि वह पैट्रोलपंप पर काम करता है। 4 अगस्त को लाल पैट्रोल पंप पर मोटर सायकिल ड्रीम योगा क्रमांक एमपी 20 एनआर 6784 को खडी कर उज्जैन चला गया था जहॉ से 8 अगस्त को वापस आया तो देखा कि पेट्रोलपंप पर खडी उसकी मोटर सायकिल गायब थी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर पतासाजी करते हुए सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले गये मिले फुटेज के आधार पर मोहित असाटी पिता मुन्नालाल असाटी 30 वर्ष निवासी बुढागर गोसलपुर, राज चौधरी पिता मुन्नालाल चौधरी 19 वर्ष निवासी कुशनेर थाना को पकड़ा गया। दोनों ने मिलकर पैट्रोल पंप पर खडी मोटर सायकिल एमपी 20 एनआर 6784 को चोरी करना स्वीकार करते हुये और 5 मोटर सायकिलें बुढागर, सहजपुर, भेडाघाट क्षेत्र से चुराकर गोसलपुर स्थित एक बंद खदान के पास झाडियों में छिपाकर रखना बताया। आरोपियों से मोटर सायकिल एमपी 20 एनआर 6784, आरोपियों की निशादेही पर विभिन्न थाना क्षेत्रों से चुराई हुयी अन्य 5 मोटर सायकिलें जप्त करते हुये बाकी मोटर सायकिल के वाहन मालिकों के सम्बंध मे पतासाजी की जा रही है।

Presiding Officer : सुश्री भानु पंडवार
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCSA/0000099/2023)
किरण कुमार मौर्य .....वादी
Vs
नत्थू उर्फ बारेलाल ..... प्रतिवादी
Process Id-/2025 पेशी दिनांक:-15.09.2025
प्रेषिती- 1. श्रीमती लक्ष्मी पुत्री नत्थू उर्फ बारेलाल पत्नी उमाशंकर मौर्य उम्र 60 वर्ष पेशा घरूकार्य पता-ग्राम छोटी ओमती खलासी लाइन जबलपुर म.प्र., 2. श्रीमती अहिल्या पुत्री स्व.नत्थू उर्फ बारेलाल पत्नी शिवबहादुर मौर्य उम्र 65 वर्ष पेशा घरूकार्य पता-ग्राम कंचनपुर पोस्ट आधारताल तहसील सिहोरा जबलपुर हाल निवास छोटी ओमती खलासी लाईन जबलपुर म.प्र., 3. श्रीमती शीला उर्फ सुशीला पुत्री स्व.नत्थू उर्फ बारेलाल पत्नी राजकुमार मौर्य उम्र 50 वर्ष पेशा घरूकार्य साकिन रेस्ट हाउस व ज्वालामुखी मंदिर के पास ज्वालामुखी मोहल्ला बस स्टैण्ड सिहोरा जिला जबलपुर म.प्र., 4. श्रीमती रेखा पुत्री स्व.नत्थू उर्फ बारेलाल पत्नी सुरेन्द्र मौर्य उम्र 48 वर्ष पेशा घरूकार्य निवासी ग्राम कंचनपुर पोस्ट आधारताल तहसील सिहोरा जबलपुर म.प्र. हाल निवास बधइया मोहल्ला दमोहनाका जबलपुर म.प्र.
यह कि प्रार्थी किरण कुमार मौर्य ने आपके विरूद्ध सिविल प्रक्रिया संहिता के तिये वाद संस्थित किया है ,आपको इस न्यायालय में सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिय गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सकें आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा. साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें यह आज तारीख 07 अगस्त 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है. न्यायाधीश
(भानु पंडवार)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड
मैहर जिला सतना (म.प्र.)
कृपया ध्यान दें:- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा

नाम परिवर्तन सूचना

मैं **ROSHNI SHUKLA** W/O ANANT SHUKLA यह सूचित करती हूं कि मेरे पासपोर्ट नंबर W3447680 में मेरा नाम ROSHNI RAI लिखा हुआ है, जिसे मैंने बदल कर अपना नाम ROSHNI SHUKLA रख लिया है, जो कि मेरे आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक आदि में भी लिखा हुआ है। अतः मेरे नाम को **ROSHNI SHUKLA** ही पढ़ा-लिखा एवं समझा जावें।
दिनांक- 11/08/2025
पूर्व नाम- ROSHNI RAI
वर्तमान नाम- ROSHNI SHUKLA
पता-H.No.186, Professor Colony, Suhagi, Adhartal, Jabalpur (M.P.) 482004

नाम परिवर्तन सूचना

मैं **VIJAY KUMAR GUPTA** S/O RADHE SHYAM GUPTA यह सूचित करता हूं कि मेरे पासपोर्ट नंबर G1431599 में मेरा नाम VIJAY GUPTA दर्ज है, जिसे मैंने बदल कर अपना नाम VIJAY KUMAR GUPTA रख लिया है, जो कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक पासबुक एवं ड्राईविंग लाईसेन्स आदि में भी लिखा हुआ है। अतः मेरे नाम को **VIJAY KUMAR GUPTA** ही पढ़ा-लिखा एवं समझा जावें।
दिनांक- 11/08/2025
पूर्व नाम- VIJAY GUPTA
वर्तमान नाम- VIJAY KUMAR GUPTA
पता-Plot No.151, H.No.377, Fourth Gali Sanjeevani Nagar, Garha, Jabalpur (M.P.) 482003

NAME CHANGE

I, Mayank Shrivastava S/O Arun Kumar Shrivastava R/O 07, Goutam Madhiya, Near Hanuman Temple Indira Gandhi Ward, Garha, Jabalpur (MP) 482003 have changed my name to Bhvikhn Shrivastava.

कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

निविदा सूचना

N.I.T. No./PWD/e-tendering/PRO/424 Date : 11/08/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेंण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1.	2025_UAD_443155_1 12/08/2025	सं.क्र.-03 रामपुर अंतर्गत दादा बाबूराव परांजपे वार्ड में गीत बिहार कालोनी में गार्डन के बाजू की बची हुई सड़कों का निर्माण कार्य।	03 माह ₹ 8.31 लाख	₹ 2000/- ₹ 8316/-	26/08/2025
2.	2025_UAD_443155_2 12/08/2025	सं.क्र.-03 रामपुर अंतर्गत तमिल धर्मशाला के पास सार्वजनिक स्थल पर भवन निर्माण कार्य।	03 माह ₹ 1.67 लाख	₹ 2000/- ₹ 3348/-	26/08/2025

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।
कार्यपालन यंत्री
लोककर्म विभाग नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सिवनी

ई-मेल- eeresseoni@rediffmail **फोन नं. -** 07692228140
क्रमांक/1354/निविदा/ग्रायांसे/2025-26 सिवनी, दिनांक : 06/08/2025

संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 03/ई-टेण्डरिंग/ग्रायासे./2025-26 दिनांक 06/08/2025 (प्रथम आमंत्रण)

निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु प्रतिशत दर पर ऑनलाईन निविदाएं केन्द्रीयकृत प्रणाली में समतुल्य/सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मों एवं ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। **निर्माण कार्यः-** नवीन तालाब निर्माण के लिये जी शेडयूल में वर्णित कार्य एवं सामग्री हेतु (मजदूरी छोड़कर) (मनरेगा हेतु लागू सिक्योर एस.ओ.आर. दिनांक 30/06/2025 से प्रभावशील दर अनुसूची) एवं क्रमांक 05 में वर्णित कार्य में (मनरेगा हेतु लागू सिक्योर एस.ओ.आर. दिनांक 31/12/2023 से प्रभावशील दर अनुसूची)(प्रथम आमंत्रण)

क्र.	सिस्टम टेंण्डर आई.डी.	कार्य	जिला	निविदा की अनुमानित लागत (लाख में)	पूर्ण की समयावधि(माह एवं आमंत्रण क्रम)	ठेकेदार की श्रेणी
1.	2025_RES_441867_1	नवीन तालाब निर्माण कार्य, ग्राम-चीचलाड़ोह रैयत, ग्राम पंचायत-कुड़वा, वि.खं.-कुरई जिला-सिवनी।	सिवनी	18.92	240 दिवस प्रथम आमंत्रण	नवीन केन्द्रीय कृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत फर्म/ ठेकेदार
2.	2025_RES_441868_1	नवीन तालाब निर्माण कार्य, ग्राम- सिल्लारी, ग्राम पंचायत-जटामा वि.खं.-कुरई जिला-सिवनी।	सिवनी	19.35	240 दिवस प्रथम आमंत्रण	
3.	2025_RES_441869_1	नवीन तालाब निर्माण कार्य, ग्राम बुट्टे में जिल्ला बर्रा में, ग्राम पंचायत-पिण्डरई बुट्टे, वि.खं.-कुरई जिला-सिवनी।	सिवनी	19.99	240 दिवस प्रथम आमंत्रण	
4.	2025_RES_441871_1	नवीन तालाब निर्माण कार्य, झिरियादाई नाला में ग्राम- घोघरीखुर्द, ग्राम पंचायत-झलवानी माल, वि.खं.-धनौरा जिला-सिवनी।	सिवनी	19.94	240 दिवस प्रथम आमंत्रण	
5.	2025_RES_441872_1	घोघरीनागन से नागनदेवरी ग्रेवल सड़क निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत-घोघरीमाल वि.खं.-लखनादौन, जिला-सिवनी।	सिवनी	19.48	240 दिवस प्रथम आमंत्रण	
			कुल	97.68 लाख		

कुल- संत्तान्नबे लाख अड़सठ हजार रूपये मात्र

1. उपरोक्त कार्यों की निविदाओं का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
2. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने हेतु प्रारंभ का समय प्रातः 10:35 बजे दिनाक 14/08/2025 से अंतिम समय शाम 05:30 बजे तक दिनांक 29/08/2025 तक निर्धारित है।
3. निविदा में किसी प्रकार का संशोधन किये जाने पर न्यूज पेपर में प्रकाशित नहीं किया जावेगा। निविदा में किया गया संशोधन वेबसाईड एवं कार्यालय के सूचना पटल पर देखा जा सकता है।

कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सिवनी

जी-17035/25 **स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता**

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल/जको/एसओ (एचआर)/2025/फाईल क्र. 91/878 दिनांक 30.07.2025

सूचना

परियोजना का नाम-आमाडांड खुली खदान परियोजना
भूस्वामियों के द्वारा रोजगार हेतु नामित भू आश्रित का विवरण

आमाडांड खुली खदान परियोजना से प्रभावित ग्राम-कुहका के भू स्वामियों द्वारा एसईसीएल में रोजगार उपलब्ध कराने हेतु कोल इंडिया पुनर्वास नीति 2012 एवं एसईसीएल माडलटीज के तहत् घटते क्रम में आवेदन प्रस्तुत किया गया था। जिस पर मुख्यालय बिलासपुर से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

Sr. No.	Name of landowner, as per ADOL and as certified by L&R Department	S.No of ADOL (No. of empl admissble)	Details of person approved for employment	Remarks
1	माधवी द्विवेदी पिता रामाश्रय त्रिपाठी Plot No. 474/2/1/2, Land in ha. 0.809, Total 0.809ha./ 1.99ac.	11 (01)	1. सौरभ द्विवेदी पिता मधुसूदन द्विवेदी (माता: माधवी) Relation – Son Caste – General D.O.B – 15.10.1992 (As per HSC MS) Education–B.E(Mech. Engg.) Aadhar – 4110 1221 7690	Age/ DoB to be ascertained in line with the circular No. 394 dated 06.01.2025 issued by GM(P/MP).
2	अमिय त्रिपाठी पिता बद्री प्रसाद त्रिपाठी Plot No. 474/2/2/1, 474/1/1/k/5, 474/1/1/ kh, Total 0.668 ha./ 1.65Ac.	15 (01)	2. अमिय कुमार त्रिपाठी पिता बद्री प्रसाद त्रिपाठी Relation – Self Caste – General D.O.B – 12.04.1987 (As per HSC MS) Education- M.Tech.(Biotechnology) Aadhar – 2462 6192 7957	1. Age/ DoB to be ascertained in line with the circular No. 394 dated 06.01.2025 issued by GM(P/MP).
3	रामश्रय पिता कौशल प्रसाद Plot No. 392/2/k/1/1p, 225/1/k, 389/1, Total 0.470 ha./ 1.61 ac.	27 (01)	3. जितेन्द्र त्रिपाठी पिता जगदीष प्रसाद त्रिपाठी Relation – Son of son (Grandson) Caste – General D.O.B – 02.10.1983 (As per HSC MS) Education – B. Pharmacy Aadhar – 8029 4008 9918	1. Age/ DoB to be ascertained in line with the circular No. 394 dated 06.01.2025 issued by GM(P/MP).
4	श्रवन पिता वृन्दावन Plot No. 402/1, 223/1/4, Total 0.420 ha./ 1.04 ac.	29 (01)	4. शिवम तिवारी पिता श्रवण कुमार तिवारी Relation – Son Caste – General D.O.B – 25.12.1998 (As per HSC MS) Education –Dip . in Mining Engg. Aadhar – 8800 0401 3544	1. Age/ DoB to be ascertained in line with the circular No. 394 dated 06.01.2025 issued by GM(P/MP).
5	निखिल बिन्दल पिता विनोद सराफ Plot No. 474/2/2/3, Total 0.405 ha./ 1.00 ac.	30 (01)	5. निखिल बिन्दल पिता विनोद कुमार सराफ Relation – Self Caste – General D.O.B - 30.08.1993 (As per HSC MS) Education–B.E.(Civil Engg.) & MBA Aadhar – 5928 0991 7867	1. Age/ DoB to be ascertained in line with the circular No. 394 dated 06.01.2025 issued by GM(P/MP).
6	आनन्दराम पिता मंहगू Plot No. 267, Total 0.388 ha./ 0.958 ac. (The Landowner expired on 19.06.2016)	38 (01)	6. जनक सिंह पिता आनंद राम Relation – Son Caste – Gond(ST) D.O.B – 10.11.1995 (As per 8th MS) Education – 8th Aadhar – 3664 3602 2425	1. Age/ DoB to be ascertained in line with the circular No. 394 dated 06.01.2025 issued by GM(P/MP).
7	शशिकला द्विवेदी पिता रामाश्रय प्रसाद त्रिपाठी Plot No. 474/2/1/1, Total 0.287 ha./ 0.709 ac.	51 (01)	3. अंकित कुमार द्विवेदी पिता अशोक कुमार द्विवेदी (माता शशिकला द्विवेदी) Relation – Son Caste – General D.O.B – 11.08.1994 (As per HSC MS) Education – MSW,Dip.in Fire Safety Engg., Aadhar – 7273 4058 9543	1. Age/ DoB to be ascertained in line with the circular No. 394 dated 06.01.2025 issued by GM(P/MP).

उपरोक्त भू स्वामियों/आश्रितों के रोजगार पर यदि किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक, एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र, पोस्ट जमुना कालरी, जिला-अनूपपुर (म.प्र.) के पास सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के भीतर आवश्यक वैध दस्तावेजों के साथ लिखित रूप में अपना शिकायत दर्ज करा सकते हैं, यदि निर्धारित समयावधि के बीच कोई भी शिकायत नहीं प्राप्त होती है तो गुणवत्ता क आधार पर समस्त मामलों का निराकरण कर दिया जायेगा।

स्टाफ अधिकारी (मा.सं.),
जमुना कोतमा क्षेत्र

SECL/25-26/125